# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग

सिद्धी विनायक (गणेश) मंदिर रोड अस्पताल वार्ड पचरी पारा दुर्ग (छ.ग.) ☎ 0788-2325414,4013940,2974747

## बैंक की 37वीं वार्षिक साधारण बैठक दिनांक 14.09.2025 की कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 14/09/2025 दिन रविवार को नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग की 37वीं वार्षिक साधारण बैठक समय सुबह 11.00 बजे बैंक के प्राधिकृत अधिकारी श्री मुकेश कुमार ध्रुव, संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ दुर्ग संभाग–दुर्ग की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। कोरम के अभाव में बैठक आधा घण्टा स्थगित की गई। आधे घण्टे पश्चात सभा पुनः सुबह 11.30 बजे प्रारंभ हुई। बैठक में निम्न प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए–

| क्रमांक | प्रतिनिधि का नाम | क्रमांक | प्रतिनिधि का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री कमल नारायण रूंगटा | 18 | श्री दीपक बंसल |
| 2 | श्री राजीव अग्रवाल | 19 | श्री मनोज कुमार ताम्रकार |
| 3 | श्री अब्दुल गफ्फार रजवी | 20 | श्री अरविंद चंद सुराना |
| 4 | श्री विवेक श्रीवास्तव | 21 | श्री बालकृष्ण नायडू |
| 5 | श्री रमेश शर्मा | 22 | श्री फिरोज खान |
| 6 | श्री चार्ली मसीह | 23 | श्री आई. पी. देवांगन |
| 7 | श्री तेज बहादुर बन्छोर | 24 | श्री गणेश प्रसाद निर्मलकर |
| 8 | श्री वेंकट साई शास्त्री राव | 25 | श्री ज्ञानेश्वर ताम्रकार |
| 9 | श्री गिरधर शर्मा | 26 | श्री गौकरण लाल सोनी |
| 10 | श्री पदम कुमार ताम्रकार | 27 | श्री प्रवीण नायक |
| 11 | श्री प्रशान्त जोशी | 28 | श्रीमती मधु ताम्रकार |
| 12 | श्री यनेन्द्र कुमार साहू | 29 | श्री मनोज ताम्रकार |
| 13 | श्री कन्हैया लाल चक्रधारी | 30 | श्री संदीप राठौर |
| 14 | श्री पवन कुमार बड़जात्या | 31 | श्री सुदर्शन सिंह महलवार |
| 15 | श्री अनिल ताम्रकार | 32 | श्री संजय सिंह |
| 16 | श्रीमती पद्मिनी ताम्रकार | 33 | श्री सतीश चंद जैन |
| 17 | श्री नंदकुमार ताम्रकार | | |

बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 37 वीं वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित सभी प्रत्यायुक्त/प्रतिनिधि सदस्यों का अभिनंदन किया गया तथा कोरम के अभाव में वार्षिक साधारण सभा आधे घण्टे के लिए स्थगित किया गया। आधे घण्टे पश्चात् समस्त उपस्थित सदस्यों का अभिवादन कर सभा के अध्यक्ष महोदय श्री मुकेश कुमार ध्रुव जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम अध्यक्षीय उद्बोधन श्री मुकेश कुमार ध्रुव जी द्वारा किया गया, उन्होंने अपने अभिभाषण में बैंक के सफल संचालन में समस्त पूर्व संचालकों का तथा प्रतिनिधि सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया एवं सभी के सहयोग, विश्वास एवं मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष महोदय ने बैंक के प्राधिकृत अधिकारी का पदभार ग्रहण के पश्चात् प्राप्त हुये अनुभवों को

कार्यकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी    अध्यक्ष

प्रेरणादायक बताया एवं अपने उद्बोधन के अंत में सभी प्रतिनिधि सदस्यों से बैंक के उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु सतत् सहयोग तथा मार्गदर्शन की कामना की।

तत्पश्चात, बैठक में चर्चा हेतु निर्धारित विषयों पर विस्तृत चर्चा करने के उपरान्त निम्न निर्णय पारित किये गये :–

**विषय क्रमांक : 01 –** प्राधिकृत अधिकारी द्वारा स्वागत भाषण एवं वर्ष 2024–25 के प्रगति प्रतिवेदन का अवलोकन एवं अनुमोदन।

निर्णय – प्राधिकृत अधिकारी महोदय द्वारा स्वागत भाषण पश्चात वर्ष 2024–25 के प्रगति प्रतिवेदन का अवलोकन कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक : 02 –** वर्ष 2024–25 की पारित वित्तीय पत्रक एवं अंकेक्षण रिपोर्ट का अवलोकन एवं अनुमोदन।

**निर्णय** – वर्ष 2024–25 की पारित वित्तीय पत्रक एवं अंकेक्षण रिपोर्ट का अवलोकन कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक : 03 –** वर्ष 2024–25 के शुद्ध लाभ का विभाजन का अनुमोदन बाबत्।

**निर्णय** – वर्ष 2024–25 के प्रारंभ में 945.93 रूपये का लाभ शेष था। वर्ष के दौरान 12,32,239.67 रूपये का शुद्ध लाभ हुआ। वर्ष के अंत में बैंक का सकल लाभ 12,33,185.60 रूपये है, जिसमें से आवश्यक व्यय तथा सहकारी अधिनियम 1960 के अनुसार दर्शाए गए अनिवार्य प्रावधानों एवं नये निश्चित मापदंडों के अनुरूप प्रावधान कर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनुमोदन कर आपके समक्ष अनुमोदनार्थ रखा गया, तत्पश्चात् आलोच्य वर्ष का अर्जित लाभ का विभाजन करते हुए 7% की दर से लाभांश वितरण की स्वीकृति प्रदान की गई, तत्पश्चात् वर्ष 2024–25 में बैंक के शुद्ध लाभ रूपये 12,33,185.60 के निम्नानुसार विभाजन का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया–

| | | |
|---|---|---|
| **1)** | आरक्षित निधि 25% | 3,08,296.40 |
| **2)** | धमार्थ निधि 1% | 12,331.86 |
| **3)** | कर्मचारी कल्याण निधि 1% | 12,331.86 |
| **4)** | लाभांश (7%) | 9,00,220.00 |
| | **योग** | **12,33,180.12** |
| | **शेष लाभ** | 5.48 |
| | **कुल योग** | **12,33,185.60** |

**विषय क्रमांक : 04 –** वर्ष 2024–25 में स्वीकृत बजट से अधिक व्यय की स्वीकृति बाबत्।

**निर्णय** – वर्ष 2024–25 में स्वीकृत कुल बजट से अधिक व्ययों का अवलोकन कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**कार्यकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी** **अध्यक्ष**

**विषय क्रमांक : 05** – वर्ष 2026–27 के प्रस्तावित वार्षिक बजट का अवलोकन एवं अनुमोदन।

**निर्णय** – वर्ष 2026–27 के प्रस्तावित वार्षिक बजट का अवलोकन कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक : 06 – वर्ष 2025–26 के अंकेक्षण के लिए कर, सांविधिक एवं जी.एस.टी ऑडिट हेतु लेखापरीक्षक की नियुक्ति के संबंध में जानकारी।**

**निर्णय** – वर्ष 2024–25 से संबंधित वित्तीय पत्रकों का अंकेक्षण, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 30(1A) के अनुसार नियुक्त अंकेक्षण फर्म **'भूपेश चौबे एण्ड कंपनी' चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स,** म. नं. 2/234, 'आदित्य कूंज' मधुबन नगर, बोरसी, दुर्ग 491001 (छ.ग.) द्वारा किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के सांविधिक संपरीक्षा, टैक्स आडिट एवं जी.एस.टी. ऑडिट कराने हेतु भी पुनः संचालक मण्डल द्वारा द्वारा 'भूपेश चौबे एण्ड कंपनी' चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स, (FRN : 015993C) को नियुक्त किया जाने बाबत् प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसे वांछित दस्तावेजो के साथ भारतीय रिजर्व बैंक को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जावेगा।

**विषय क्रमांक : 07** – अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित माननीय प्रत्यायुक्तों द्वारा आपत्तियाँ व सुझाव प्रेषित किये गये, जो कि निम्नानुसार है –

**अन्य विषय क्रमांक : (1)** – कई प्रतिनिधि सदस्यों द्वारा बैंक के स्वयं के भवन हेतु बैंक द्वारा किये गये प्रयासों की जानकारी चाही गई, जिसके प्रतिउत्तर में बैंक कर्मचारियों तथा प्रतिनिधि सदस्य श्री संजय सिंह द्वारा बैंक हेतु स्वयं के भवन के लिए पूर्व में किये गये प्रसासों की जानकारी दी गई।

**अन्य विषय क्रमांक : (2)** – चूंकि 37 वर्षों से बैंक संचालित है परन्तु आज दिनांक तक बैंक का स्वयं का भवन नहीं होने पर आपत्ति प्रकट करते हुये प्रतिनिधि सदस्य श्री अब्दुल गफ्फार रजवीं द्वारा उन्हें तथा श्री प्रशांत जोशी एवं श्री विवेक श्रीवास्तव को बैंक हेतु स्वयं के भवन के लिए प्रयास किये जाने संबंध में अधिकृत किये जाने की मांग की गई, जिस पर विचार किया गया।

**अन्य विषय क्रमांक : (3)** – प्रतिनिधि सदस्य श्री अब्दुल गफ्फार रजवीं एवं श्री राजीव अग्रवाल द्वारा इस वर्ष बैंक के लाभ में आई कमी तथा 7 प्रतिशत लाभांश पर आपत्ति प्रकट की गई जिसके प्रतिउत्तर में बैंक कर्मचारियों द्वारा विवरण प्रस्तुत कर उन्हें संतुष्ट किया गया।

**कार्यकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी** **अध्यक्ष**

**अन्य विषय क्रमांक : (4) –** प्रतिनिधि श्री संजय सिंह एवं अन्य प्रतिनिधि सदस्यों द्वारा आज दिनांक तक संचालक मण्डल के चुनाव ना होने के संबंध में आपत्ति प्रकट की गई तथा प्राधिकृत अधिकारी महोदय से जानकारी चाही गई, जिसके प्रतिउत्तर में सभा के अध्यक्ष तथा प्राधिकृत अधिकारी महोदय द्वारा शीघ्र चुनाव सम्पन्न कराया जाने के संबंध में जानकारी दी।

**अन्य विषय क्रमांक : (5) –** बैंकिंग व्यवसाय तथा बैंक के लाभ में वृद्धि के उद्देश्य से प्रतिनिधि श्री प्रशांत जोशी द्वारा जवाहर नगर शाखा के स्थान परिवर्तन के संबंध में प्रस्ताव रखा, जिसके चर्चा की गई, तथा शाखा हेतु उपयुक्त स्थान की तलाश किया जाने के संबंध में विचार–विमर्श किया गया।

**विषय क्रमांक : 8 –** कार्यकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आभार प्रदर्शन एवं सभा का समापन।

**निर्णय –** कार्यकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी सम्मानीय प्रत्यायुक्तों को बैंक की प्रगति में दिये गये मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा वार्षिक साधारण सभा हेतु विद्यापीठ कॉलेज उपलब्ध कराने पर समिति के सचिव श्री शंकर लाल ताम्रकार का आभार व्यक्त कर सभा के समापन की घोषणा की गई।

**कार्यकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित**
**दुर्ग (छ.ग.)**

**सभा के अध्यक्ष एवं प्राधिकृत अधिकारी**
**नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित**
**दुर्ग (छ.ग.)**